झारखंड समावेशी आजीविका योजना का किया गया शुभारंभ

झारखंड के विकास का मॉडल देश के लिए नजीर

बोलीं दीपिका

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) एवं द नज इंस्टीट्यूट द्वारा रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में "झारखंड समावेशी आजीविका योजना (जेएच-एसएवाई)" का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर झारखंड में अल्ट्रा पुअर ग्रेजुएशन अप्रोच (यूपीएजे) के अनुभवों, उपलब्धियों एवं उसके व्यापक सामाजिक प्रभावों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है।

कहा कि, एक ओर राज्य एक सफल मॉडल के अनुभवों को साझा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अति-गरीब एवं वंचित परिवारों के सशक्तिकरण के लिए नई समावेशी योजना की शुरुआत भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड ने समावेशी विकास के क्षेत्र में जो मॉडल तैयार किया है, वह अब पूरे देश के लिए उदाहरण बन चुका है। मंत्री ने कहा कि यूपीएजे परियोजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रेजुएशन अप्रोच देश का पहला पायलट प्रोजेक्ट था। इसे झारखंड में विशेष रूप से अति-गरीब एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह समुदायों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू गया था। इसके जरिये पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा एवं पलामू के 4 प्रखंडों में 4,000 अति-गरीब परिवारों तक महिला सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से पहुंच बनाई गई। झारखंड में इस योजना की सफलता ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। राज्य में मिले सकारात्मक परिणामों के बाद भारत सरकार ने इस मॉडल को स्वीकार करते हुए इसे देशभर में लागू करने का निर्णय लिया। वर्ष 2025 में इसे डे-एनआरएलएम के अंतर्गत एक उप-योजना के रूप में पूरे देश में प्रारंभ किया गया। मंत्री ने कहा कि झारखंड को इस योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 41,000 अति-गरीब परिवारों को शामिल करने की जिम्मेदारी मिली है, जो राज्य के लिए गर्व और उपलब्धि का विषय है।

जेएसएलपीएस और द नज इंस्टीट्यूट द्वारा शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में हुए कार्यक्रम में महिलाओं के बीच चेक का वितरण करतीं दीपिका पांडेय सिंह व अन्य।

विभिन्न जिलों के लिए स्वीकृति राशि के चेक वितरित

जिला	राशि	परिवार
पूर्वी सिंहभूम	13 करोड़ 92 लाख रुपए	4,800 परिवारों के लिए
पलामू	11 करोड़ 2 लाख रुपए	3,800 परिवारों के लिए
गोड्डा	9 करोड़ 57 लाख रुपए	3,300 परिवारों के लिए
सिमडेगा	2 करोड़ 90 लाख रुपए	1,000 परिवारों के लिए
सरायकेला-खरसावां	6 करोड़ 90 लाख रुपए	2,100 परिवारों के लिए

वितरक बनाने का झांसा, एक करोड़ ठगे

रांची। अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में संचालित रॉयलशिप विबरेज डिस्टिलरी के निदेशक राजकुमार पाठक से बीयर का वितरक बनाने का झांसा देकर एक करोड़ ठग लिए। मामले में दीपाटोली में एक अपार्टमेंट में रहने वाले अजय कुमार, हरियाणा के गुरुग्राम सेक्टर 63 में रहने वाले कुमार संभव व वृंदा संभव के अलावा देवानी देशमुख व हर्षवर्धन सिंह पर अरगोड़ा थाना में केस दर्ज कराया है। बताया गया है कि तीनों ने वर्ष 2024 में बियर का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने पर बात की। सूचक हामी भर दी। इस क्रम में उनसे एक करोड़ रुपये ले लिए।

जवान पर युवती से छेड़खानी का आरोप

रांची। लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली निवासी एक युवती के साथ सेना के जवान द्वारा छेड़खानी का मामला सामने आया है। युवती के आवेदन पर केस दर्ज हुआ।

बताया गया है कि वह शुक्रवार को दिन में डीएसपीएमयू से अपने आवास को लौट रही थी। तभी करमटोली प्रोफेसर कॉलोनी के पास एक युवक ने छेड़खानी की और अगवा करने का प्रयास किया। शोर होने पर युवक मौके से भागने लगा, जिसे लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में यह पता चला कि छेड़खानी करने वाला युवक सेना का जवान है और नामकुम में पदस्थापित है। हालांकि इस मामले में लालपुर थाना पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की है।

जस्ट ट्रांजिशन को रणनीतिक वित्तीय साधन बने डीएमएफ

रांची, संवाददाता। राज्य सरकार की टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन व सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) की संयुक्त रिपोर्ट में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) को जस्ट ट्रांजिशन के लिए रणनीतिक वित्तीय साधन के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। एलाइनिंग डीएमएफ फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि डीएमएफ को केवल खनन प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिपूर्ति तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक बदलाव का जरिया बनाया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2026 तक झारखंड ने डीएमएफ मद में 18,231 करोड़ रुपये संग्रहित किए हैं, जो देश के कुल संग्रह का 16.3% है। इस मामले में राज्य ओडिशा के बाद दूसरे स्थान पर है।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि राज्य में 8,434 करोड़ रुपये अब तक अप्रयुक्त पड़े हैं। केवल 37% जिले ही पीएमकेकेकेवाई दिशा-निर्देशों के तहत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 70% व्यय के मानक को पूरा कर सके हैं। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीकी पी ने कहा कि डीएमएफ स्थानीय स्तर पर दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण वितीय संसाधन बन सकता है। बुनियादी ढांचे और सुविधाओं तक सीमित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर, डीएमएफ़ संसाधनों का रणनीतिक और दूरदर्शी उपयोग खनन-प्रभावित जिलों में जस्ट ट्रांजिशन की तैयारी को मजबूत कर सकता है।

स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनें योजनाएं

निदेशक खनन राहुल सिन्हा ने कहा कि डीएमएफ को दीर्घकालिक, स्थानीय व भविष्य उन्मुख विकास के रणनीतिक साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। योजनाओं को इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए कि वे स्थानीय समुदायों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करें और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाएं।

शहर 30s

एनसीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को शुभारंभ करते अतिथिगण।

राज अस्पताल की ओर से प्रशिक्षण शुरू

रांची। राज हॉस्पिटल द्वारा सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया के सहयोग से एक होटल में दो दिनी एनसीएलएस (नेशनल कॉर्डियक लाइफ सपोर्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और जीवनरक्षक कौशल को मजबूत करना है। समारोह में आईजी, सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर साकेत कुमार सिंह, राज हॉस्पिटल्स के सीईओ साहिल गंभीर और प्रबंध निदेशक डॉ बिरेंद्र आदि थे।

पारस अस्पताल में दो जटिल ऑपरेशन सफल

रांची। पारस एचईसी अस्पताल में प्लेसेंटा परक्रेटा विद ब्लैडर इन्वेजन के दो जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। इसका नेतृत्व वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ऋतिका पाठक ने किया। दोनों मरीजों का पहले सीजेरियन ऑपरेशन हो चुका था और गर्भावस्था के दौरान उनमें प्लेसेंटा परक्रेटा की पहचान हुई थी, जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय की दीवार को भेदकर ब्लैडर तक फैल जाता है।

दो जटिल ऑपरेशन की सफलता की शुक्रवार को जानकारी देते डॉक्टर।

कोर्ट नोटिस

ब-अदालत,
सिविल जज सिनीयर डिविजन-VIII, रांची
ओरिजनल सुट नं.-490/2025
बंधना गाड़ी एवम अन्य ..... वादीगण
बनाम
संजय गाड़ी एवं अन्य .... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम :

1. उपायुक्त, रांची, कचहरी रोड, थाना-कोतवाली, जिला-रांची-834001.
2. लच्छु गाड़ी, पिता-स्व. सुकरा उरांव, निवासी ग्राम-चौरी बस्ती, पो.-कांके, थाना-कांके, जिला-रांची-834006 झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादीगणों ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद दायर किया है, जिसकी अगली तिथि 10.06.2026 की सुनवाई हेतु निर्धारित किया गया है। इस तिथि को दिन में 08:00 बजे प्रात: स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित जवाब पेश करें, अन्यथा वाद की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय किया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जाने।

यह नोटिस आज दिनांक- 20.05.26 को मेरे हस्ताक्षर एवम न्यायालय के मुहर के द्वारा जारी किया गया।

ह0/-सिविल जज,
सिनीयर डिविजन-VIII, रांची

सिविल जज
सिनियर डिवीजन-10 पटना
टा. सुट नं 415 सन 2021
श्रीमती (रिटायर्ड प्रोफेसर) साधना सिंह वगैरह.... वादीगण
बनाम
श्रीमती विधु रंजना.... प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम

1. वनिता शास्त्री पुत्री स्व. सुरेश्वरधारी सिन्हा 2. निखिलधारी सिन्हा पिता स्व. सुरेश्वरधारी सिन्हा 3. राजीता सिन्हा गौरनासिया पिता स्व. सुरेश्वरधारी सिन्हा सभी निवासी 73 सैनिक फार्म खानपुर नई दिल्ली-110062 प्रतिवादी सेकेंड सेट 4. श्री शान्तनमधारी सिन्हा पिता स्व. शैलश्वरधारी सिन्हा 5. श्रीमती आरती सिन्हा पति स्व. प्रशांतधारी सिन्हा 6. श्रीमती अमृता सिंह पिता स्व. शैलेश्वरधारी सिन्हा सभी साकिनान धरहरा हाउस रामेश्वरम कॉलोनी बरियातू रांची 834009 प्रतिवादी तृतीय पक्ष 7. रिषिका सिन्हा पुत्री शैलेन्द्रधारी सिंह पत्नी अनिल त्रिवेदी साकिन जगत अजंता अपार्टमेंट फ्लैट नं. 23 नया टोला बांकीपुर थाना - पीरबहोर जिला पटना 800004 परफोमा डिफेंडेंट। चूं बजरिए नोटिस के आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरुद्ध उक्त वाद लाया है जिसकी सूचना पूर्व में नज़रत वो डाक के माध्यम से दी जा चुकी है लेकिन आपलोग हाजिर अदालत नहीं आ सके, उक्त वाद में आगामी सुनवाई की तारीख 06.07.26 निश्चित है एतएव आप तारीख निश्चित पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करे अन्यथा आपलोग के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया जाएगा। ताकीद जाने मेरे दस्तख़त वो इस अदालत के मोहर से निर्गत किया गया आज तारीख 18 माह 05 सन् 2026 ई.

सिविल जज
सिनियर डिवीजन -10 पटना

कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज
जुनियर डिविजन (मुन्सीफ) हजारीबाग
ओरिजनल सूट (टाईटल सूट)-185/2023
मोसोमात रूकमणी ..... वादी
बना
किशोर कुमार एवं अन्य .... प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम :-

(1) ममता कुमारी पति सुरेन्द्र प्रसाद, निवास स्थान ग्राम पुनाई, थाना दारू जिला हजारीबाग, झारखण्ड।

आप को सूचित किया जाता है कि, पूर्व में भी आप को न्यायालय के द्वारा आप लोगों के नाम पते पर नोटिस सम्मन भेजा गया था। परन्तु आप लोग इस वाद में उपस्थित नहीं हुए।

अत: इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 12.06.2026 समय 7.30 AM बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो अन्यथा आप के विरूद्ध इस वाद में एकपक्षीय सुनवाई शुरू की जायेगी।

ह0/- सिविल जज जुनियर डिविजन (मुन्सीफ) हजारीबाग

बिहार सरकार

कार्यालय, नगर परिषद फुलवारी शरीफ, पटना
Email ID- npphulwari @gmail.Com
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-07/2026-27 (ई-टेंडरिंग द्वारा)
(https//:eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् फुलवारी शरीफ
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :- 19.05.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि :- दिनांक 09.06.2026 से 11:00 बजे पूर्वाहन (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री.बीड मिटिंग का समय स्थान/तिथि :- समय 11.30 बजे दिनांक 10.06.2026 स्थान नगर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् फुलवारी शरीफ का कार्यालय
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :- दिनांक 16.06.2026 के 15:00 बजे तक (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि/समय :- दिनांक 17.06.2026 को 15.30 बजे के बाद (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :- तकनिकी निविदा निष्पादन के बाद (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
8. अग्रधन, सभी शपथ-पत्र, Esisting Committment (मूल में) परिमाण विपत्र के मूल्य का ऑनलाईन पावती रसीद जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान दिनांक 17.06.2026 के 15.00 बजे तक
स्थान - (1) अधीक्षण अभियंता, न.वि. अंचल-02., पटना (2) कार्यपालक अभियंता, न0वि0 प्रमंडल पश्चिमी क्षेत्र, पटना। (3) नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् फुलवारी शरीफ का कार्यालय।
9. कार्य का विवरण:- 15वीं वित मद की राशि से।

क्र. सं.	योजना का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमान विपत्र का मूल्य	बीड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) रूपये में	कार्य समाप्ती की अवधि
1	नगर परिषद फुलवारी शरीफ अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौक से लेकर एम्स गोलम्बर भुसौला दानापुर तक डिवाईडर पर पोल सहित स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन कार्य।	13411245.00	268300.00	15000.00	As per eproc 2	3 माह

नोट :-1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website:https//:eproc2.bihar.gov.in
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https//:eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता हैं।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् फुलवारी शरीफ
PR. No. 003905 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

UPSIDA
UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY

YOGI ADITYANATH
Hon'ble Chief Minister, U.P.

NAND GOPAL GUPTA 'NANDI'
Minister for Industrial Development, U.P.
Golden Opportunity
Build Your Dream Home Closer to Business Hub
@Trans Ganga City, Unnao
MEGA E-Auction
SPECIAL FEATURES
- Proposed Overbridge Trans Ganga City to VIP Road, Ranighat, Kanpur (Four Lane) (Aprx. 4 Km.)
- Approved Atal Ghat to Jajmau Ganga Riverfront Project

IMPORTANT DATES
Registration Starts: from 23.05.2026
Last Date for Submission of Documents: 04.06.2026
E-Auction on: 09.06.2026 (10:00 AM to 1:00 PM)

Last Date for Downloading Catalogue and Submission of Processing Fee 03.06.2026 | 6:00 PM

CONNECTIVITY
Road: Lucknow-Kanpur Highway (NH-25) ~ Aprx. 11 Km. Lucknow-Agra Expressway ~ Aprx. 60-70 Km.
Rail: Kanpur Central Railway Station ~ Aprx. 10 Km.
Airport: Lucknow Airport (Amausi) ~ Aprx. 75 Km. Kanpur Airport (Chakeri) ~ Aprx. 25 Km.

Area of Plots	No. of Plots
120 sq.m - 200 sq.m	183
200 sq.m - 299 sq.m	110
300 sq.m - 324 sq.m	32

Note : For registration, other details and to download brochure, please visit the Auction Portal https://upsida.project247.in

For Information Regarding the Registration & E-Auction Process
Helpline No. Apurva Patel : 9106196864
(Monday to Friday 10:00 AM to 7:00 PM and 1st & 3rd Saturday 10:00 AM to 6:00 PM)
Contact on Email : eauction@upsida.co.in, apurva@procure247.com
Uttar Pradesh State Industrial Development Authority
UPSIDA COMPLEX, A-1/4, LAKHANPUR, KANPUR-208024
@UPSIDA @UPSIDAofficial @UPSIDA_Official @UPSIDA_Official @upsidaofficial

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI Relationship beyond banking
आंचलिक कार्यालय, राँची अंचल
प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, राँची - 834001
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत गिरवी रखी संपत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

निम्नवर्णित सम्पत्तियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "बिना किसी संसाधन के आधार पर" बेचा जाना है

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम / संपत्ति आईडी	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा लेने की तिथि / कब्जे की स्थिति / विक्रय सूचना की तिथि	A) आरक्षित मूल्य / B) अग्रधन जमा राशि	बकाया राशि
01	राँची वसूली शाखा / एस. एम. पोल्ट्री / 1. BKIDRAN2035744 2. BKIDRAN2035744A	1. श्री शम्भू कुमार, पिता भूनेश्वर महतो (पार्टनर) के नाम स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति के सभी भाग, जिसमें भूमि का समतामूलक बंधक (EQM) शामिल है, जो प्लॉट संख्या- 59, खाता संख्या- 01, मौजा- मयापुर, परगना- होलंग, थाना संख्या- 151, थाना- तातीझरिया, जिला- हजारीबाग में, कुल भूमि क्षेत्रफल 231.00 डिसमिल, विक्रय विलेख संख्या- 2880 दिनांक 01.07.2020 के अनुसार स्थित है। CERSAI AID : 200057143219 SID : 400056768709 **विलेख के अनुसार सीमाएँ :** उत्तर : प्लॉट संख्या- 58, दक्षिण : प्लॉट संख्या- 60, पूर्व : रास्ता, पश्चिम : सिमाना जरुआडीह 2. *संयंत्र एवं मशीनरी का दृष्टिबंधक, जो प्लॉट संख्या 59, खाता संख्या 01, मौजा - मयापुर, परगना होलंग, थाना संख्या 151, थाना - टाटीझरिया, जिला - हजारीबाग स्थित जिसमें कोएल ग्रीन 125 KVA जनरेटर, फीडिंग सिस्टम के स्पेयर्स, वेंटिलेशन एवं कूलिंग सिस्टम, वेंटिलेशन सिस्टम कंट्रोल पैनल एवं सहायक उपकरण, वेंटिलेशन एवं कूलिंग स्पेयर्स, शेड हेतु निप्पल सिस्टम, शेड हेतु फीडिंग सिस्टम तथा कर्टेन विन्चिंग सिस्टम तथा विविध मशीनरी शामिल हैं।	13(2)- 17.09.2025 13(4)- 11.02.2026 सांकेतिक कब्जे में विक्रय सूचना तिथि 18.05.2026	संपत्ति 1 के लिये A) Rs. 109.35 Lakhs B) 10.93 Lakhs *संपत्ति 2 के लिये A) Rs. 120.03 Lakhs B) 12.00 Lakhs	रु. 274.96 लाख + ब्याज एवं शुल्क
02	राँची वसूली शाखा / बिनोद कुमार	श्री बिनोद कुमार, पिता स्वर्गीय बंदन महतो के नाम स्थित फ्लैट संख्या- A5, द्वितीय तल, राजा बंगला रोड स्थित भवन का समतामूलक बंधक (EQM), जो प्लॉट संख्या- 11/42, 43, खाता संख्या- 01, ग्राम- भदेडीह, थाना- तिलैया, थाना संख्या- 247, वार्ड संख्या- 25, झुमरीतिलैया, जिला- कोडरमा, झारखंड में, विक्रय विलेख संख्या- 3459 दिनांक 17.10.2016 के अनुसार स्थित है। क्षेत्रफल : 777 वर्ग फुट। **सीमाएँ :** उत्तर : गोविंद बरनवाल का मकान, दक्षिण : शिव शंकर कुमार (फ्लैट संख्या- A8), पूर्व : पैसेज एवं सीढ़ी, पश्चिम : पी.सी.सी. रोड	13(2)- 29.04.2021 13(4)- 07.10.2021 सांकेतिक कब्जे में विक्रय सूचना तिथि 18.05.2026	A) Rs. 14.00 Lakhs B) Rs. 1.40 Lakhs	रु. 21.05 लाख + ब्याज एवं शुल्क
03	राँची वसूली शाखा / भगवती विनट्रेड प्रा. लि. / 1. BKIDRANBHAGWATI 2. BKIDRANBHAGWATI1 3. BKIDRANBHAGWATI2	1. *कंपनी की स्थायी परिसंपत्तियों (प्लांट एवं मशीनरी, विद्युत एवं अन्य परिसंपत्तियाँ जो फैक्ट्री परिसर में स्थित हैं) पर प्रभार, जो ग्राम- बोंगाबार, भरेचनगर, सांडी, रामगढ़ कैंट, जिला- रामगढ़, झारखंड- 829117 में स्थित है। 2. कंपनी के नाम पर लीजहोल्ड अधिकार के आधार पर पंजीकृत लीज विलेख संख्या- 4268 दिनांक 28.07.2010 द्वारा अर्जित भूमि संपत्तियों का समतामूलक बंधक। श्री मनोज कुमार अग्रवाल (अब दिवंगत) के नाम स्थित भूमि का समतामूलक बंधक, जो खाता संख्या- 18, प्लॉट संख्या- 212, मांडू, रामगढ़ में, क्षेत्रफल 0.75 एकड़, विक्रय विलेख संख्या- 2730 दिनांक 19.05.2010 के अनुसार स्थित है। श्री संदीप कुमार गोयल [निदेशक/ जमानतदार] के नाम स्थित भूमि का समतामूलक बंधक, जो खाता संख्या- 18, प्लॉट संख्या- 212, मांडू, रामगढ़ में, क्षेत्रफल 1.125 एकड़, विक्रय विलेख संख्या- 2731 दिनांक 19.05.2010 के अनुसार स्थित है। श्री नीरज कुमार बांका [जमानतदार] के नाम स्थित भूमि का समतामूलक बंधक, जो खाता संख्या- 18, प्लॉट संख्या- 212, मांडू, रामगढ़ में स्थित है, क्षेत्रफल 1.125 एकड़, विक्रय विलेख संख्या- 2732 दिनांक 19.05.2010 के अनुसार, जिसे अब पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या- 613 दिनांक 05.04.2025 द्वारा परिवर्तित कर भगवती विनट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के नाम कर दिया गया है। **भूमि का कुल क्षेत्रफल : 3 एकड़।** 3. रांची सदर स्थित देवशीला बिल्डिंग के तृतीय तल पर स्थित फ्लैट संख्या- 301 एवं 302 का समतामूलक बंधक (EQM), जो मेसर्स डिलाइट इंवेस्टमेंट्स प्रा. लि. [जमानतदार] के नाम पंजीकृत है। सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल : 2488 वर्ग फुट।	13(2)- 14.08.2025 13(4)- 25.11.2025 सांकेतिक कब्जे में विक्रय सूचना तिथि 14.05.2026	*संपत्ति 1 के लिये A) Rs. 282.00 Lakhs B) 28.2 Lakhs संपत्ति 2 के लिये A) Rs. 981.00 Lakhs B) 98.10 Lakhs संपत्ति 3 के लिये A) Rs. 99.00 Lakhs B) 9.90 Lakhs	रु. 2315.00 लाख + ब्याज एवं शुल्क

संपत्तियों हेतु संपर्क विवरण : शुभम कुमार अग्रवाल - 8370032832
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 25.06.2026 प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ
संपत्ति निरीक्षण तिथि : 24.06.2026 तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : अनूप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) 7772845416, गणेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक) मोबाइल. 9386107289
ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं : (1) ई-नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान की गई ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। (2) ई-नीलामी के नियम और शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://baanknet.com देखें। (3) अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सुचना एवं कारण बताये किसी भी बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/ टालने/ रद्द करने अथवा बिक्री के नियमों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।
*लागू होने वाले करों को छोड़कर।
स्थान : राँची
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

प्रवेश सूचना
स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा- 2026
निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी)-2026 में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एसवीनिरतार)
ओलटपुर, डाक: बाईरोइ, जिला-कटक, 754010 (ओडिशा)
वेबसाइट: https://svnirtar.nic.in, ईमेल: svnirtarpget@gmail.com
प्रस्तावित पाठ्यक्रम: 1. मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी, 2. मास्टर ऑफ़ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, 3. मास्टर इन प्रोस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी)
4, विष्णु दिगंबर मार्ग, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट: https://pdunippd.nic.in, ई-मेल: diriph@nic.in
प्रस्तावित पाठ्यक्रम: 1. मास्टर इन प्रोस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स

अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (दिव्यांगजन)(एवाईजेएनआईएसएचडी)
के.सी. मार्ग, बांद्रा (पश्चिम) रिक्लेमेशन, मुंबई - 400 050
और
क्षेत्रीय केंद्र, सिकंदराबाद
मनोविकास नगर, सिकंदराबाद-500009
वेबसाइट: https://ayjnishd.nic.in, ई-मेल: ayjnihh-mum@nic.in
प्रस्तावित पाठ्यक्रम: 1. ऑडियोलॉजी इन मास्टर ऑफ साइंस (एम.एससी ऑडियोलॉजी)

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत संस्थान
पात्रता: अभ्यर्थी के पास एमपीटी हेतु बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, एमओटी हेतु बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, एमपीओ हेतु बीपीओ/बी.एससी. (पीओ) तथा एम.एससी ऑडियोलॉजी पाठ्यक्रम हेतु बीएएसएलपी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

ऑनलाइन सूचना विवरणिका एवं आवेदन पत्र का प्रकाशन प्रारंभ होने की तिथि	: 20.05.2026
ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि	: 19.06.2026
स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि	: 12.07.2026

विवरण हेतु लॉग ऑन करें: https://admission.svnirtar.nic.in
हे./-
निदेशक-सह-अध्यक्ष,
पीजीईटी - 2026